दिनांक : 27.03.2026 समय : 07.10 PM

आकाशवाणी मध्यप्रदेश से प्रस्तुत हैं प्रादेशिक समाचार

**संकेत धुन**

नमस्कार, समाचारों के साथ मैं ...अभिषेक कटियार ....

**सबसे पहले इस बुलेटिन के मुख्य समाचार :–**

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल नोएडा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे का उद्घाटन करेंगे।
- केंद्र सरकार ने पेट्रोल और डीजल पर उत्पाद शुल्क में 10 रुपये प्रति लीटर की कटौती की।
- मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा–मध्य प्रदेश 11.6% की दर से देश का सबसे तेज बढ़ता राज्य है।
- देशभर में राम नवमी का उत्साह; अयोध्या में रामलला का अलौकिक 'सूर्य तिलक' संपन्न हुआ।

**अब समाचार विस्तार से:–**

प्रधानमंत्री- एयरपोर्ट

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल उत्तर प्रदेश के जेवर में नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के प्रथम चरण का उद्घाटन करेंगे। लगभग 11 हजार 200 करोड़ रुपये की लागत से विकसित यह हवाई अड्डा दिल्ली-एनसीआर का दूसरा अंतरराष्ट्रीय प्रवेश द्वार होगा। शुरुआत में इसकी क्षमता सालाना 1 करोड़ 20 लाख यात्रियों की होगी, जिसे भविष्य में सात करोड़ तक विस्तारित किया जा सकेगा। यह एयरपोर्ट न केवल एक अत्याधुनिक 'मल्टी-मॉडल ट्रांसपोर्ट हब' है, बल्कि यहाँ 18 लाख मीट्रिक टन क्षमता वाला विशाल कार्गो हब भी विकसित किया जा रहा है।

केंद्रीय उत्पाद शुल्क

सरकार ने घरेलू खपत के लिए पेट्रोल और डीजल पर केंद्रीय उत्पाद शुल्क में दस रुपये प्रति लीटर की कटौती की है। सोशल मीडिया पोस्ट में वित्त मंत्री निर्मला सीतारामन ने कहा कि यह निर्णय पश्चिम एशिया संकट के बीच लिया गया है।

उन्होंने कहा कि डीजल के निर्यात पर 21 रुपये 50 पैसे प्रति लीटर और विमानन ईंधन पर 29 रुपये 50 पैसे प्रति लीटर शुल्क लगाया गया है। श्रीमती सीतारामन ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में सरकार ने हमेशा नागरिकों को आवश्यक वस्तुओं की आपूर्ति सुनिश्चित की है।गृहमंत्री अमित शाह ने कहा है कि जब पश्चिम एशिया संकट के बीच दुनिया ईंधन की कमी से जूझ रही है और वैश्विक स्तर पर कीमतें बढ़ रही हैं ऐसे में सरकार द्वारा ईंधन पर उत्पाद शुल्क में कटौती के निर्णय से 140 करोड भारतीयों को राहत मिलेगी।

मीडिया समिट

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आज नई दिल्ली में आयोजित एक राष्ट्रीय मीडिया समिट में मध्यप्रदेश की प्रगति का प्रभावी रोडमैप प्रस्तुत किया। मुख्यमंत्री ने बताया कि प्रदेश 11.6 प्रतिशत की विकास दर के साथ देश में सबसे तेज गति से आगे बढ़ रहा है। राज्य में पिछले दो वर्षों में 9 लाख करोड़ रुपये का रिकॉर्ड निवेश धरातल पर आया है। आगामी सिंहस्थ-2028 का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि उज्जैन में 40 करोड़ श्रद्धालुओं की मेजबानी के लिए विश्वस्तरीय प्रबंध किए जा रहे हैं।

साथ ही, वन्य-जीव संरक्षण के क्षेत्र में बड़ी उपलब्धि साझा करते हुए मुख्यमंत्री ने बताया कि मध्यप्रदेश में चीतों की संख्या अब 53 से अधिक हो गई है।

वीडियो-खंडन

सरकार ने सोशल मीडिया पर वायरल उस वीडियो का खंडन किया है, जिसमें दावा किया गया है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश में लॉकडाउन की घोषणा कर दी है। वीडियो में कहा गया है कि देश में बड़े संकट के कारण लोगों को घरों में रहने के लिए मजबूर होना पड़ा है। पत्र सूचना कार्यालय-पीआईबी की फैक्ट चेक यूनिट ने इस दावे को फर्जी बताया है और कहा है कि प्रधानमंत्री या केंद्र सरकार ने ऐसी कोई घोषणा नहीं की है। पीआईबी ने लोगों से ऐसी सनसनीखेज खबरों पर विश्वास नहीं करने और केवल आधिकारिक सूचना पर भरोसा करने का आग्रह किया है।

शिवराज सिंह चौहान

केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने आज राज्यसभा में शुष्क और वर्षा-आश्रित खेती को लेकर सरकार का विजन प्रस्तुत किया। उन्होंने कहा कि देश की लगभग 48 प्रतिशत शुष्क भूमि पर खेती को लाभदायक बनाने के लिए विशेष प्रयास किए जा रहे हैं। मंत्री महोदय ने जानकारी दी कि जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों से निपटने के लिए अब तक 3236 जलवायु अनुकूल फसल किस्में विकसित की गई हैं, जो कम पानी और विषम परिस्थितियों में भी बेहतर उत्पादन देने में सक्षम हैं।

श्री चौहान ने 'प्रधानमंत्री धन-धान्य कृषि योजना' का उल्लेख करते हुए बताया कि कम सिंचाई वाले 100 जिलों को प्राथमिकता पर रखकर किसानों को तकनीक और ऋण की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। देशभर के 731 कृषि विज्ञान केंद्रों के माध्यम से आधुनिक अनुसंधान सीधे खेतों तक पहुँचाया जा रहा है।

प्रसारण अवसंरचना

सरकार ने कहा है कि प्रसारण अवसंरचना और नेटवर्क विकास योजना के अंतर्गत 68 ट्रांसमीटर स्वीकृत किए गए हैं। इससे आकाशवाणी की कवरेज वर्ष 2021 के 70 प्रतिशत से बढ़कर 81 प्रतिशत हो जाएगी। यह योजना देश में दूरदर्शन और आकाशवाणी के प्रसारण अवसंरचना के विकास, आधुनिकीकरण और उन्नयन के लिए केंद्रीय सेक्टर की योजना है। राज्यसभा में आज सूचना और प्रसारण राज्य मंत्री एल. मुरुगन ने कहा कि इस योजना को 2021-26 के लिए कुल 2 हजार 539 करोड़ रुपये से अधिक के परिव्यय के साथ अनुमोदित किया गया है। उन्होंने बताया कि आकाशवाणी ने तीन महानगरों - दिल्ली, चेन्नई और मुंबई में मीडियम वेब बैंड पर डिजिटल प्रसारण शुरू कर दिया है। डॉ. मुरूगन ने कहा कि आकाशवाणी ने अपने 260 चैनलों का सजीव प्रसारण मोबाइल ऐप **न्यूज़ ऑन एआईआर** पर उपलब्ध कराया है।

जन्मोत्सव

मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम का जन्मोत्सव आज देशभर में अपार श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया जा रहा है। उत्सव का मुख्य केंद्र अयोध्या रहा, जहाँ श्री राम जन्मभूमि मंदिर में प्रभु रामलला का अलौकिक 'सूर्य तिलक' संपन्न हुआ। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने संसद भवन से इस दिव्य क्षण के दर्शन किए और देशवासियों को संयम व तपस्या के आदर्शों की शुभकामनाएं दीं। मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने भी प्रदेशवासियों को बधाई देते हुए इसे हर रामभक्त के लिए गौरव का क्षण बताया। राजधानी भोपाल, झाबुआ, सतना, मैहर, देवास, सीहोर, खंडवा,छतरपुर, सहित पन्ना के मंदिरों में सुबह से ही शोभायात्राओं, सुंदरकांड पाठ और महाआरती के आयोजन हो रहे हैं।

## महानाट्य सम्राट विक्रमादित्य

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की पहल पर, वाराणसी में आगामी 3 से 5 अप्रैल तक 'महानाट्य सम्राट विक्रमादित्य' का मंचन किया जा रहा है। बाबा महाकाल की नगरी उज्जैन से शुरू हुई यह सांस्कृतिक यात्रा, सम्राट विक्रमादित्य के शौर्य और सुशासन की गाथा को जन-जन तक पहुँचाएगी। डिजिटल प्लेटफॉर्म पर 17 करोड़ से अधिक लोगों तक पहुँच बनाने वाला यह आयोजन, भारतीय ज्ञान परंपरा और राष्ट्रीय एकता का एक नया अध्याय सिद्ध होगा।

## मौसम

प्रदेश में एक बार फिर मौसम करवट लेने जा रहा है। पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने से आज से प्रदेश के कई हिस्सों में आंधी और बारिश का दौर शुरू होगा। मौसम विभाग ने अगले 24 घंटों में ग्वालियर, भिंड और छतरपुर समेत 7 जिलों में 50 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चलने का अलर्ट जारी किया है। भोपाल, इंदौर और उज्जैन में भी 30 मार्च तक हल्की बूंदाबांदी के आसार हैं। बीते 24 घंटों में नर्मदापुरम 41.6 डिग्री के साथ सबसे गर्म रहा, लेकिन अब बारिश से तापमान में गिरावट की उम्मीद है।

## अब कुछ समाचार संक्षेप में :-

- देवास जिले को जल अभावग्रस्त क्षेत्र घोषित करते हुए सभी जल स्रोतों, बांध व नदी नहर, और नालाबंधान, नलकूप आदि से सिचाई करना प्रतिबंधित किया गया है।
- विज्ञान शिक्षा को और अधिक समृद्ध करने के उद्देश्य से राष्ट्रीय तकनीकी शिक्षक संस्थान भोपाल में शिक्षकों का विशेष प्रशिक्षण कल से आयोजित किया जा रहा है।
- केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय भोपाल में भगवान महावीर के सिद्धांतो के वैश्विक संदर्भ में उपयोगिता" विषय पर एक दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया।
- उमरिया में जल गंगा संवर्धन अभियान 'जल शक्ति से नव भक्ति' कार्यक्रम के तहत कलेक्ट्रेट परिसर स्थित रजिस्ट्रार कार्यालय में ''जल मंदिर (प्याऊ)'' का शुभारंभ किया गया।
- अनूपपुर जिले के जैतहरी विकासखंड के ग्राम हर्री में कल मुख्यमंत्री दुधारू पशु प्रदाय योजना के अंतर्गत दुधारू पशु वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा।
- सीहोर के बिलकिसगंज क्षेत्र के ग्राम रामखेड़ी में आज एक खेत में आग लगने से करीब 12 एकड़ गेहूं की फसल जलकर राख हो गई।

**अंत में मुख्य समाचार एक बार फिर ....**

- **प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल नोएडा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे का उद्घाटन करेंगे।**
- **केंद्र सरकार ने पेट्रोल और डीजल पर उत्पाद शुल्क में 10 रुपये प्रति लीटर की कटौती की।**
- **मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा–मध्य प्रदेश 11.6% की दर से देश का सबसे तेज बढ़ता राज्य है।**
- **देशभर में राम नवमी का उत्साह; अयोध्या में रामलला का अलौकिक 'सूर्य तिलक' संपन्न हुआ।**

....................